अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत, परिजनों ने उठाये सवाल



महिला की मौत के बाद अस्पताल के बाहर जुटे परिजन।

कूल्हे की हड्डी टूटने पर कराया था भर्ती, परिजनों ने उपचार में लापरवाही का लगाया आरोप

लालगोपालगंज (प्रयागराज)। जगदीशपुर स्थित आनंदम अस्पताल में उपचार के दौरान एक महिला की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाये हैं। मृतका के पति ने नवाबगंज थाने में तहरीर देकर उपचार में कथित लापरवाही की जांच और काररवाई की मांग की है।

प्रतापगढ़ के मानिकपुर थाना क्षेत्र के जाखामई, कुंडा निवासी पारसनाथ यादव के अनुसार उनकी पत्नी किरन देवी के कूल्हे की हड्डी टूट गयी थी। बेहतर उपचार की उम्मीद में उन्हें २९ सितंबर को आनंदम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि विभिन्न जांचों के नाम पर करीब २० हजार रुपये और इलाज के लिए लगभग १.२५ लाख रुपये लिए गये। परिजनों का कहना है कि उपचार के दौरान महिला की स्वास्थ्य स्थिति की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गयी। शुक्रवार को अचानक अस्पताल की ओर से मौत की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे और उपचार व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए विरोध जताया। सूचना पर श्रृंगवेरपुर चौकी प्रभारी कुंवर भान सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

चौकी प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद नियमानुसार कारकरवाई की जायेगी। फिलहाल उपचार में लापरवाही के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद मौत की वजह स्पष्ट होगी।

शंकरगढ़ में यात्री को ट्रेन से फेंकने का आरोप

पैर में गंभीर चोट, प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रिफर

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के आगे तालापार गांव के पास शुक्रवार सुबह एक यात्री गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला। आरोप है कि ट्रेन में अवैध रूप से यात्रियों से पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद कुछ लोगों ने युवक के साथ मारपीट की और उसे ट्रेन से नीचे फेंक दिया। हादसे में उसके पैर में गंभीर चोट आयी।

बताया गया कि बिहार के रोहतास जिले के कोचस थाना क्षेत्र के सकरौली गांव निवासी रिंकू कुमार (१८) पुत्र अनंत राम शुक्रवार सुबह क्षिप्रा एक्सप्रेस से इंदौर, मध्य प्रदेश जा रहा था। ट्रेन के शंकरगढ़ स्टेशन से आगे बढ़ने पर तीन किन्नर यात्रियों से पैसे मांगने लगे। रिंकू ने पैसे देने से इनकार किया तो उसके बैग को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बैग छुड़ाने के दौरान उसके साथ मारपीट की गयी और उसे तालापार रोड की ओर फेंक दिया गया। घटना की सूचना ड्यूटी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को मिली। आरपीएफ शंकरगढ़ चौकी प्रभारी गंभीर सिंह, राजेश सिंह और जीआरपी सिपाही अनूप सिंह मौके पर पहुंचे और घायल युवक को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज रिफर कर दिया। घटना के बाद यात्रियों और स्थानीय लोगों में नाराजगी रही। लोगों ने ट्रेनों में यात्रियों से कथित जबरन वसूली और अभद्र व्यवहार करने वालों पर कारकरवाई तथा रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

फर्जी बैनामे से पैतृक जमीन हड़पने का आरोप, तीन पर मुकदमा

नैनी (प्रयागराज)। नैनी आवास योजना के भूखंड संख्या २२६/ए का कथित फर्जी बैनामा कराकर पैतृक जमीन हड़पने के आरोप में नैनी पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

चकबबुरा अलीमाबाद निवासी एहसान अली ने तहरीर में बताया कि उसके माता-पिता ने फरवरी २०१२ में पीडीए से उक्त भूखंड २.३६ लाख रुपये में खरीदा था। आरोप है कि मां की मृत्यु और पिता की बीमारी के बाद रिजवाना बेगम, उसके पति मुमताज खान और इसरार अली ने साजिश कर जनवरी २०२४ में बैनामा करा लिया। तहरीर के अनुसार पिता चलने-फिरने में असमर्थ थे और भूखंड में आधे हिस्से के ही मालिक थे। आरोप है कि बिना भुगतान किये घर पर ही कमीशन के माध्यम से बैनामा कराया गया। सितंबर २०२५ में आरोपितों ने ८-१० लोगों के साथ पहुंचकर ताला तोड़कर कब्जे का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकी देने का भी आरोप लगाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बैनामे और जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है।

शिक्षण संस्थानों में मनायी गयी गांधी-शास्त्री जयंती

सैदाबाद (प्रयागराज)। सैदाबाद क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनायी गयी। कस्बा स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य प्रो. आशीष जोशी ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा तथा लाल बहादुर शास्त्री की सादगी एवं कर्तव्यनिष्ठा से प्रेरणा लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। इस अवसर पर डा. प्रभात कुमार ओझा, प्रो. स्वामी चौरसिया, जेया अंजुम, कुमकुम, आंचल, मानसी और पायल मौजूद रहीं। इसी क्रम में पूर्व माध्यमिक विद्यालय घिसापुर में प्रधानाध्यापक इंद्रेश कुमार तिवारी ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।




सैदाबाद के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते प्राचार्य प्रो. आशीष जोशी एवं अन्य।

गोरक्षा को लेकर सरकारें गंभीरता से विचार करें-पुरी शंकराचार्य

सत्तालोलुप राजनीति के कारण सनातन मानबिंदुओं की रक्षा में बाधा-निश्चलानंद सरस्वती

झूंसी (प्रयागराज)। गोवर्धन मठ, पुरी के १४५वें शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि सनातन संस्कृति और उसके मानबिंदुओं की रक्षा के लिए समाज और शासन, दोनों को गंभीरता से चिंतन करना होगा। उन्होंने कहा कि देश को बांटने का प्रयास करने वाली शक्तियां सफल नहीं होंगी और भारत हिंदू राष्ट्र होकर रहेगा। झूंसी स्थित शिवगंगा आश्रम में दस दिवसीय प्रवास के दौरान शुक्रवार को शंकराचार्य ने शिष्यों एवं जिज्ञासुओं के प्रश्नों के उत्तर दिये। गो रक्षा से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि सरकारों को इस विषय में गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। उनके अनुसार गाय सनातन संस्कृति में आस्था और भारतीय जीवन परंपरा का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए गो संरक्षण के लिए प्रभावी दृष्टिकोण जरूरी है। इस अवसर पर स्वामी निर्विकल्पानंद सरस्वती, प्रफुल्ल ब्रह्मचारी, हृषिकेश ब्रह्मचारी, आदेश भूषण पांडेय, रामकैलाश पांडेय, उमेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिष्य एवं जिज्ञासु मौजूद रहे।



इंजन में खराबी से ३० घंटे प्लेटफार्म पर खड़ी रही मेमू ट्रेन

बुधवार को नहीं चली ट्रेन शुक्रवार से शुरू हुई वैकल्पिक सेवा, यात्रियों को हुई परेशानी

मऊआइमा (प्रयागराज)। अयोध्या कैंट से प्रयागराज संगम जा रही मेमू पैसेंजर ट्रेन संख्या ६४२२२ के इंजन में तकनीकी खराबी आने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंजन में खराबी के बाद ट्रेन विश्वनाथगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर करीब ३० घंटे खड़ी रही। बाद में इंजन को मरम्मत के लिए वर्कशाप भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बुधवार को अयोध्या कैंट से प्रयागराज संगम जाते समय विश्वनाथगंज स्टेशन पर ट्रेन के इंजन में खराबी आ गयी। काफी प्रयास के बाद भी इंजन चालू नहीं हो सका। इसके बाद गाजियाबाद से मैकेनिक और इंजीनियरों की टीम बुलाकर मरम्मत का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। ट्रेन का निर्धारित समय रात करीब ९:१२ बजे मऊआइमा स्टेशन पहुंचने का था। संचालन की जानकारी नहीं मिलने से यात्री प्लेटफार्म पर इंतजार करते रहे और बाद में उन्हें दूसरे साधनों से यात्रा करनी पड़ी। शुक्रवार से ट्रेन के स्थान पर वैकल्पिक ट्रेन का संचालन शुरू किया गया। विश्वनाथगंज स्टेशन अधीक्षक वीपी सिंह ने बताया कि इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गयी थी। बुधवार से गुरुवार तक मरम्मत का प्रयास किया गया। इंजन को वर्कशाप भेज दिया गया है। मऊआइमा स्टेशन मास्टर शिव प्रसाद प्रजापति ने बताया कि फिलहाल वैकल्पिक ट्रेन चलाई जा रही है। इंजन की मरम्मत के बाद मेमू का संचालन फिर शुरू होगा।

झूंसी थाने में मनायी गांधी एवं शास्त्री जयंती

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाना परिसर में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गरिमापूर्ण वातावरण में मनायी गयी। एसीपी झूंसी अरुण पाराशर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। एसीपी अरुण पाराशर ने कहा कि गांधी ने सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के माध्यम से समाज को नई दिशा दी, जबकि शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल कायम की। उन्होंने पुलिसकर्मियों से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को आचरण में उतारकर पूरी निष्ठा से जनसेवा करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी नरेश कुमार कश्यप, थाना क्षेत्र की विभिन्न चौकियों के प्रभारी, उपनिरीक्षक एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

रज्जू भैया विश्वविद्यालय में कुलपति ने लगायी झाड़ू

स्वच्छता अभियान में शिक्षक, अधिकारी और छात्र भी हुए शामिल

नैनी (प्रयागराज)। प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) राज्य विश्वविद्यालय में २ अक्तूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान और विचार गोष्ठी आयोजित हुई।कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार सिंह ने प्रशासनिक भवन के सामने स्वयं झाड़ू लगाकर अभियान की शुरुआत की। उनके साथ डीन, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राओं ने परिसर, विभागों, गलियारों और मैदान की सफाई की। इस दौरान 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' का संदेश दिया गया।

कुलपति ने कहा कि स्वच्छता महात्मा गांधी के सपनों में शामिल थी और इसे अपने आसपास अपनाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है।इसके बाद सभागार में गांधी और शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम हुआ। कुलपति ने गांधी के सत्य-अहिंसा और शास्त्री की सादगी, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा को याद किया। उन्होंने विद्यार्थियों से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया।कार्यक्रम में कुलसचिव, वित्त अधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

बुन्देलखण्ड लोकगीत महोत्सव में कथक ने मोहा मन

मऊ (चित्रकूट)। महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर पंचायत मऊ स्थित महामति प्राणनाथ महाविद्यालय में बसेरा संस्था और आचार्य नरेंद्र देव सर्व सेवा आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में बुंदेलखंड लोकगीत महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'ढोल, मंजीरा और लोकगीत का नाद, भारतीय संस्कृति को करें हमेशा याद' विषय पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

कार्यक्रम का निर्देशन बसेरा संस्था प्रयागराज के सचिव देवेंद्र कुमार शर्मा ने किया। शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। इसके बाद अतिथियों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की। प्राचार्य प्रो. डा. संतोष कुमार चतुर्वेदी ने चंपारण सत्याग्रह और स्वतंत्रता आंदोलन में गांधी के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सुश्री वैशाली नाथ की शिष्या महक कुमारी के कथक नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं अर्चना मिश्रा, नारायण प्रसाद, मुस्कान और विजय नारायण ने भजन प्रस्तुत कर तालियां बटोरीं। कार्यक्रम में आचार्य नरेंद्र देव सर्व सेवा आश्रम के सचिव अजय द्विवेदी, बालिका इंटर कालेज के प्रधानाचार्य अरुण द्विवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे। समापन पर प्रो. डा. एस. कुरिल ने अतिथियों, आयोजकों, कलाकारों, विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार जताया।

शास्त्री जयंती पर श्री कैलास आश्रम में गूंजा हरित संदेश

'जय जवान, जय किसान' के प्रणेता को नमन कर रोपे कटहल और गंधराज के पौधे

झूंसी (प्रयागराज)। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर झूंसी स्थित श्री कैलास आश्रम में श्रद्धा के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। आश्रम परिसर में दो कटहल और एक गंधराज के पौधे रोपे गये। इस दौरान पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया गया। श्री कैलास आश्रम ट्रस्ट के स्वामी कृष्णानन्द जी महाराज ने पौधरोपण करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति और वृक्षों को विशेष महत्व दिया गया है।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण को केवल आयोजन तक सीमित न रखकर पौधों का संरक्षण और संवर्धन भी जरूरी है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने शास्त्री के सादगीपूर्ण जीवन, राष्ट्रसेवा और 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को याद किया।

पौधों को जल अर्पित कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कीर्तिकर पाण्डेय, समीक्षा अधिकारी एवं स्वयंसेवक वीरेन्द्र राय, कृषिमित्र सुनीता, शशिकांत मिश्रा, शिवशंकर, प्रशान्त, सुरेन्द्र, आकाश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



पौधरोपण करते स्वामी कृष्णानन्द एवं भक्त।

आजका मुहूर्त

दिनांक- ०३ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन कृष्ण पक्ष
तिथि- सप्तमी दिन में ०९.५४ तक उपरान्त अष्टमी
वार- शनिवार
नक्षत्र- आर्द्रा रात्रि ०४.०१ तक उपरान्त पुनर्वसु
योग- वरीयान सायंकाल ०६.४९ तक उपरान्त परिघ
राशि- मिथुन
सूर्योदय- ०६.०७ बजे
सूर्यास्त- ०५.५३ बजे
राहुकाल- सुबह ०९ बजे से १०.३० तक
भद्रा- नहीं है
मुहूर्त- केवल शस्त्र निर्माण का मुहूर्त है।
विशेष- आज अष्टमी तिथि का श्राद्ध है, जीवत्पुत्रिका व्रत, जीवित वाहन पूजा, महालक्ष्मी व्रत, चंद्रोदय होने पर लक्ष्मीकुण्ड में स्नानकर व्रत समाप्त किया जाता है।

गांधी-शास्त्री के आदर्शों को जीवन में उतारने का लिया संकल्प

सरोज विद्याशंकर इंटर कालेज में स्वच्छता अभियान, वाद-विवाद एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

झूंसी (प्रयागराज)। सरोज विद्याशंकर इंटर कालेज में महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती उत्साह एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनायी गयी। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य राम सिंह यादव और सांस्कृतिक प्रमुख जयद्रथ ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विद्यालय में स्वच्छता अभियान के साथ वाद-विवाद, सामूहिक चर्चा और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता को संस्कार बनाने का संदेश दिया। 'मोबाइल का छात्र जीवन पर प्रभाव' तथा 'इंटरमीडिएट तक कोचिंग की उपयोगिता' विषय पर विद्यार्थियों ने पक्ष-विपक्ष में विचार रखे। चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा दिखायी। प्रधानाचार्य ने कहा कि गांधी का सत्य, अहिंसा और त्याग तथा शास्त्री की ईमानदारी, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा विद्यार्थियों के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगी। प्रबंधक डा. दुर्गा प्रसाद मणि त्रिपाठी ने स्वच्छता को जीवन का संस्कार बनाने का आह्वान किया। मुख्य निर्णायक मनोज कुमार शुक्ला सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देते विद्यार्थी।

राजर्षि टंडन इंटर कालेज में ध्वजारोहण कर गांधी के विचारों को किया याद

नैनी (प्रयागराज)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की १५७वीं जयंती पर राजर्षि पुरुषोत्तम दास टंडन इंटर कालेज, महेवा में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के अपर महाधिवक्ता एवं हिंदी विद्यापीठ के नवनिर्वाचित सदस्य नीरज त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य स्वामी नाथ त्रिपाठी ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य भागवत प्रकाश कुशवाहा ने विद्यार्थियों को गांधी के जीवन और विचारों से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता समाजसेवी अभिनीत कुशवाहा ने गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के सिद्धांतों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन राम प्रकाश मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि गांधी का प्रभाव भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनके विचारों की व्यापक स्वीकार्यता रही है। इस अवसर पर अधिवक्ता अनिल कुमार मिश्रा, प्रदीप पांडे, ज्ञानचंद कनौजिया, उप प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र, खेल शिक्षक अतुल कुमार सिंह सहित शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 1989 अनुक्रमांक 0496119 व इण्टरमीडिएट वर्ष 1991 अनुक्रमांक 376205 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र वास्तव मे खो गया है। लालचन्द्र पुत्र रघुवीर निवासी-मोर्हनुद्दीनपुर पोस्ट-हनुमानगंज जिला-प्रयागराज पिन-221505

सूचना-मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2074986 व इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1559399 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। जावेद अली पुत्र बरकत अली निवासी-कुरगांव करौंदी सोरांव प्रयागराज

सूचना-सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 1376316 का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव मे कहीं खो गया है। जितेंद्र कुमार यादव पुत्र जागेश्वर प्रसाद यादव निवासी-गौरा सोरांव प्रयागराज

तहसील स्तरीय कबड्डी में बेटियों ने दिखाया दमखम

सबजूनियर और सीनियर में करछना विजेता, जूनियर में अकोढ़ा की टीम ने मारी बाजी

कौंधियारा (प्रयागराज)। अकोढ़ा स्थित श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कालेज परिसर में शुक्रवार को तहसील स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित हुई। अंडर-१४, अंडर-१७ और अंडर-१९ वर्ग में छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य अमित पांडेय और खेल सचिव बुलंद प्रताप राय ने फीता काटकर किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि खेल छात्राओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक क्षमता और टीम भावना विकसित करते हैं। सबजूनियर वर्ग में मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज करछना की टीम विजेता रही। जूनियर वर्ग में मेजबान श्रीमती इंदिरा गांधी इंटर कालेज अकोढ़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग का खिताब भी मदन मोहन मालवीय इंटर कालेज करछना की टीम ने जीता। इस अवसर पर प्रभाकांत त्रिपाठी, खेल शिक्षक अजय सिंह, अजय यादव, अनीस, अखिलेश शुक्ला, आशीष शुक्ल और गेंदालाल कुशवाहा सहित शिक्षक मौजूद रहे।



कौंधियारा स्थित इंदिरा गांधी इंटर कालेज में कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं।

ग्राम चौपाल में विधायक ने बतायी गांवों के विकास की योजनाएं

समृद्ध गांव गांधी जी का सपना-राजमणि कोल

कोरांव (प्रयागराज)। गांधी जयंती पर कृषि विभाग की ओर से मझिगवां गांव में ग्राम चौपाल आयोजित की गयी।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय भाजपा विधायक राजमणि कोल ने ग्रामीणों और किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि गांधी जी का सपना समृद्ध गांव का था। उनका मानना था कि देश के वास्तविक विकास का रास्ता गांवों से होकर गुजरता है। विधायक ने कहा कि गांवों को समृद्ध बनाए बिना देश के विकास की कल्पना पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से गांवों को आधुनिक बनाने और ग्रामीणों के जीवन स्तर को बेहतर करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। चौपाल में खंड विकास अधिकारी राहुल मिश्र ने ग्रामीणों के प्रति आभार जताया। सहायक विकास अधिकारी पंचायत विवेक कुमार मिश्र मौजूद रहे।



मझिगवां में ग्राम चौपाल में विचार व्यक्त करते विधायक राजमणि कोल।

गांधी-शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

घूरपुर (प्रयागराज)। यमुनानगर के चाका ब्लाक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. आदित्य कुमार ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।डा. आदित्य कुमार ने कहा कि गांधी का जीवन और उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। सत्य और अहिंसा के उनके संदेश से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के कल्याण और प्रगति के लिए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने 'जय जवान, जय किसान' का नारा देकर देश के जवानों और किसानों के सम्मान को मजबूती दी। उनका सादगीपूर्ण जीवन आज भी प्रेरणादायक है। इस अवसर पर डा. प्रहलाद सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

फूलपुर नगर पंचायत में गांधी-शास्त्री जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

ध्वजारोहण के बाद चित्रों पर माल्यार्पण, उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

फूलपुर (प्रयागराज)। नगर पंचायत फूलपुर में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके बाद गांधी और शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव रहे, जबकि अध्यक्षता अधिशासी अधिकारी प्रवीण प्रकाश ने की। संचालन सभासद राहुल विश्वकर्मा ने किया। वक्ताओं ने गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, आत्मनिर्भरता और सामाजिक सद्भाव के विचारों पर प्रकाश डाला। वहीं लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले कर्मचारियों को माला पहनाकर और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभासद बलवंत मौर्य, अजय मौर्य, कुलदीप केसरी, धीरज मौर्य, सिराज अंसारी, अरशद उल्ला, इंतखाब अहमद, प्रमोद पांडेय, आलोक गुप्ता, गोविंद भारती, लिपिक शेख बहादुर, सूर्यभान आदि रहे।

क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

५००० मीटर दौड़ में प्रसून ने मारी बाजी, एसडीएम ने वितरित किये प्रमाणपत्र

बरगढ़ (चित्रकूट)। २८वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को ५००० मीटर सीनियर बालक वर्ग की दौड़ से हुआ। मऊ क्षेत्र के विभिन्न इंटर कालेजों और हाईस्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

५००० मीटर सीनियर बालक वर्ग में महात्मा ज्योतिबा राव फुले इंटर कालेज रामनगर के प्रसून ने प्रथम, पं. शिवकुमार त्रिपाठी इंटर कालेज मऊ के आकाश ने द्वितीय और श्री सुंदर सिंह इंटर कालेज के ललना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ३००० मीटर सीनियर बालक वर्ग में बाबा प्राणनाथ इंटर कालेज के गोविंद प्रथम, पं. पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ के भीम सरोज द्वितीय और इसी विद्यालय के शत्रुघ्न सिंह तृतीय रहे। ३००० मीटर सीनियर बालिका वर्ग में महर्षि वाल्मीकि इंटर कालेज खंडेहा की प्रीति प्रथम, बालिका इंटर कालेज मऊ की छात्रा द्वितीय और सुंदर सिंह इंटर कालेज की अंशिका सिंह तृतीय रहीं। ३००० मीटर बालिका वर्ग में पं. पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कालेज मऊ की मालती प्रथम और महर्षि वाल्मीकि इंटर कालेज खंडेहा की पूनम देवी द्वितीय रहीं। समापन पर एसडीएम मऊ राम ऋषि रमन ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान शिक्षक एवं खेलकर्मी मौजूद रहे।

दिव्यांग छात्रों ने मनायी गांधी जयंती

मेजा (प्रयागराज)। राजकीय समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय मेजा में २ अक्टूबर को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। दिव्यांग छात्रों ने भाषण, कविता और नाटक प्रस्तुत कर गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने गांधीजी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन संघर्ष तथा देश की आजादी में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शिक्षिका अनिता सरन सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

परिवहन निगम कार्यालय में गांधी-शास्त्री जयंती मनायी

झूंसी (प्रयागराज)। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय झूंसी में बुधवार को महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण और सामूहिक राष्ट्रगान से हुआ। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीबी राम, राजमणि यादव, संतराम और विनय प्रकाश ने कविता पाठ के माध्यम से गांधी और शास्त्री के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डाला। इस दौरान महाशय मसुरिया दीन पासी के योगदान को भी याद किया गया। संचालन विनय प्रकाश ने किया। समापन पर एकाउंटेंट विद्याधर ने कर्मचारियों से गांधी और शास्त्री के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक/सेवा प्रबंधक रवीन्द्र कुमार सिंह, सीनियर फोरमैन संदीप कुमार, सत्य प्रकाश तिवारी, बृजेश कुमार यादव, दीपक यादव, राम यश, प्रेम नारायण, महेश, विमलेश त्रिपाठी, सुरेश दोहरे, अर्जुन देव, सर्वेश कुमार, मानवेन्द्र सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
श्रीमती एंजलीना जॉन,
सिविल जज सीनियर डिविजन - XV,
रॉंची (झारखंड)

मूल वाद संख्या - 27/2026

विजय कुमार सिन्हा .... वादी
बनाम
सियाबर शरण सिन्हा वगैरह .... प्रतिवादीगण

नोटिस बनाम -

1. सियाबर शरण सिन्हा, पिता- स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, निवासी ग्राम- अरसेंड, पोस्ट एवं थाना- कांके, जिला-रांची, वर्तमान निवासी- मकान नंबर वालनट- 401, सहारा गार्डन सिटी, आदित्यपुर, सरायकेला - खरसावां, झारखंड 831014

2. पुष्पा श्रीवास्तव, पति- अरुण कुमार श्रीवास्तव, निवासी- 751 ए, राजरूपपुर, 60 फिट रोड हनुमान मंदिर के पास, तिलक मार्ग, इलाहाबाद, धूमनगंज, उत्तर प्रदेश, 211011

बजरिये नोटिस आपलोग को सूचित किया जाता है कि वादी उपरोक्त वाद इस न्यायालय में दायर किये हैं जिसमें आपलोग को नजारत एवम् निबंधित डाक द्वारा नोटिस भेजा गया उसके बावजूद आप उपस्थित नहीं हुए अतः आपलोग को बजरिये नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.11.26 को 10.30 बजे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपलोग की अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई एकपक्षीय किया जायेगा। इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 30.9.26 को न्यायालय के हस्ताक्षर एवम् मोहर से जारी किया गया।

सिविल जज
(सीनियर डिविजन XV), रॉंची।